PRINT

# दिशा न्यूज

| Regional News Paper | Edition : Anta (Rajasthan) | Circulation: NA |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 09.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) -- | क्रम सं. (Serial No.) |

# CISF ने यूएसए में आयोजित विश्व पुलिस और फायर खेलों 2025 में 64 पदक जीते

## भारत 560 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा



**दिशा न्यूज। अन्ता.**

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) ने 30 जून से 6 जुलाई 2025 तक अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस और फायर खेलों 2025 में कुल 64 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है।

विश्व पुलिस और फायर खेल एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन है, जहाँ दुनिया भर के पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मी विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस वर्ष, 70 से अधिक देशों के 10,000 से अधिक एथलीटों ने इन खेलों में भाग लिया। CISF टीम ने 6 स्पर्धाओं में भाग लिया और असाधारण प्रदर्शन किया। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और शानदार खेल भावना, शक्ति और टीम वर्क दिखाया।उनकी सफलता ने भारत को 560 पदकों के साथ समग्र पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहने में मदद की। ***राजस्थान के एथलीट की उपलब्धियां*—**राजस्थान के जोधपुर जिले की उमा चौधरी ने भाला फेंक में स्वर्ण जीतकर उल्लेखनीय योगदान दिया। CISF निरंतर फिटनेस, अनुशासन और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करता है। विश्व पुलिस एवं फायर खेलों में टीम का प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमारे बल सदस्यों की ताकत और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।